भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : *330

जिसका उत्तर 18 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है

कोयला क्षेत्र की सहायक कंपनियों के अंतर्गत बहु कौशल विकास संस्थानों की स्थापना

***330. श्री जनार्दन मिश्रा:**

श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय की प्रत्येक सहायक इकाई के अंतर्गत बहु कौशल विकास संस्थान (एमएसडीआई) की स्थापना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) बहु कौशल विकास संस्थानों में ढांचागत विकास की स्थिति क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख) : - विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

माननीय सांसद श्री जनार्दन मिश्रा और श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी द्वारा 18.12.2024 को पूछे जाने वाले लोकसभा तारांकित प्रश्न सं. *330 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:

(क) : कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने दिनांक 03.01.2024 को सीआईएल की सहायक कंपनियों में बहु कौशल विकास संस्थानों (एम एस डी आई) की स्थापना के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, वर्तमान में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा धनबाद, झारखंड के बेलगरिया में स्थापित एक एमएसडीआई प्रचालनरत है। इस केंद्र में 'फैशनप्रेन्योर' ट्रेड में महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए अपेक्षित क्षमता है।

अन्य सहायक कंपनियों में एमएसडीआई कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

(ख) : बेलगारिया, धनबाद में बीसीसीएल द्वारा स्थापित एक एमएसडीआई है। इस एमएसडीआई में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपेक्षित पर्याप्त अवसंरचनात्मक सुविधाएं मौजूद हैं।

*****